हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर अरोड़ा को नेशनल हाउसिंग अवार्ड

जयपुर। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा को बुधवार को आयोजित

वर्चुअल तृतीय वार्षिक नेशलन हाउसिंग समिट एंड अवाड्र्स कार्यक्रम में हाउसिंग बोर्ड श्रेणी में नेशनल हाउसिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इलेट्स टेक्नोमीडिया द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में हर वर्ष देश भर में चुने हुए उत्कृष्ट कार्यों को अवार्ड देकर सम्मानित किया जाता है। अरोड़ा को यह पुरस्कार इंदिरा गाधी नगर में कराए गए विकास कार्यों के लिए दिया गया। गौरतलब है कि हाल ही में बोर्ड ने जयपुर के इंदिरा गांधी नगर में वृहद् स्तर पर विकास कार्य किए गए हैं। इनमें यहां के निवासियों को 4 एमएलइडी पेयजल अतिरिक्त उपलब्ध कराया गया है, पांच किलोमीटर सड़क को आदर्श सड़क के रूप में विकसित किया जा रहा है और इसके साथ ही यहां कई अन्य विकास कार्य करवाए गए हैं। हाउसिंग बोर्ड में कमिश्नर के पद पर पवन अरोड़ा को महज 9 महीने हुए हैं, जिनमें 5 महीने कोरोना लॉकडाउन के बावजूद कम समय में ही बोर्ड ने अधिशेष सम्पत्तियों में से 6 हजार सम्पत्तियों के निस्तारण से लगभग 1400 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त किया गया है।

ई-ऑक्शन योजना में महज 35 दिवसों में 1010 मकान बेचकर 162 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित कर अन्तरराष्ट्रीय कीर्तिमान बनाया है, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉड्र्स लंदन द्वारा भी मान्यता दी गई। इसके बाद बुधवार नीलामी उत्सव, स्वर्ण जयंती उपहार योजना, बुधवार नीलामी उत्सव के तहत ई-बिड सबमिशन के द्वारा सभी को किश्तों में आवास योजना चलाई है। वहीं नए प्रोजेक्ट भी लॉन्च किए है।